प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कम्पनी में चयन

विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में सुपर सिक्स स्पोर्ट्स गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा साक्षात्कार के आधार पर छात्रों के परिणाम घोषित किए गये, जिसमें विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों क्रमशः इशिका गुप्ता, अक्षय कुमार एवं सक्षम नेगी (बी.टेक. सूचना प्रौद्योगिकी) तथा एकांश अग्रवाल (बी.टेक. कंप्यूटर इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग रु. 6.0 लाख का पैकेज तथा अन्य सुविधाएं देय होंगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

5. चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।

निदेशक संचार